झारखण्ड सरकार

कार्यालय : वन प्रमंडल पदाधिकारी, सरायकेला वन प्रमंडल, सरायकेला।
जिला–सरायकेला–खरसावाँ।
e-mail-dfo-saraikela@gov.in; Telefax No.06597-234891(O)

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ।।

पत्रांक : 2559 / सरायकेला दिनांक : 29.12.2018

सेवा में,

श्री राकेश कुमार,
मैनेजर कन्सट्रक्शन,
पाँचवा तल, नार्थ विंग, इस्टर्न ब्लॉक,
मेकन हेड ऑफिस कम्पलेक्स, डोरण्डा, रांची।

विषय :– **जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाईप लाईन निर्माण हेतु सरायकेला वन प्रमंडल अन्तर्गत 7.5425 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव का दिनांक 29.12.2018 को संयुक्त जाँच के संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक–2537 दिनांक–27.12.2018 एवं आपके प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 28.12.2018 के अपराहन में दूरभाष पर दिये गये सूचना के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि इस परियोजना के अन्तर्गत इस प्रमंडल में अपयोजित होने वाली वनभूमि कुल 16 ग्रामों में पड़ती है। इनमें से 04 ग्रामों (सुधापुर, रेयरदा, सपड़ा एवं हिरमिली) का अधोहस्ताक्षरी एवं आपके प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 29.12.2018 को संयुक्त स्थलीय जाँच के कम में निम्नलिखित त्रृटियाँ पाई गई है :–

1. वृक्षों की गणना पुरी नहीं की गई है।
2. आपके प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष हर गाँव में अपयोजित होने वाले वनभूमि के Corridor के केवल शुरूआत एवं अंतिम विन्दु पर पीलर बनाया गया था परन्तु संयुक्त स्थलीय जाँच के दौरान कुछ पीलर Missing पाए गए।
3. इसके अतिरिक्त अपयोजित होने वाले वनभूमि का अस्थायी सीमांकन करने के लिए एक भी पीलर का निर्माण नहीं किया गया है।

इसके अतिरिक्त आपके प्रतिनिधि द्वारा बताया कि यही स्थिति बाकी के अपयोजित होने वाले वनभूमि में भी है।

अतः अनुरोध है कि ऊपर वर्णित सभी विन्दुओं पर कार्य शीध्र समाप्त करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन Online forest clearance portal में अपलोड करते हुए उसकी एक प्रति (hard copy) इस कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेगें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन
Aditya Narayan
वन प्रमंडल पदाधिकारी
सरायकेला वन प्रमंडल।
29/12/18